राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

योजनाओं कार्या की प्रगति की ली जानकारी ,दिये आवश्यक निर्देश

योजनाओं का लाभ वंचित व पात्र व्यक्तियों को दिलवायें- राज्यपाल श्री बागडे

जयपुर/पाली 29 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि समाज के विंचत वर्ग व पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले जिससे कि उनका जीवन खुशहाल हो सके अधिकारी इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करे।

राज्यपाल श्री बागडे ने शनिवार को जिला परिषद के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो के साथ संवाद के दौरान राज्य व केंद्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए इनका लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंनें ग्रामीण विकास विभाग से महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड एवं श्रमिक नियोजन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) गांवों में सभी परिवारों तक व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता , अनुसूचित क्षेत्र बाली के आदर्श ग्राम निर्माण कार्या की प्रगति , जनभागीदारी योजना, पीएमजीएवाई , सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की 3 वर्षा में छात्रवृत्ति प्राप्त आवेदन व भुगतान ,जल संग्रहण , अनुसूचित क्षेत्र में स्वंय सहायता समूहों की स्थिति के बारे मे जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्थिति प्रगति , मुख्यमंत्री जिला नवाचार निधि योजना की प्रगति , पीएचईडी में जल जीवन मिशन हैंडपंप मरम्मत ,टयूबवैल आदि , जल जीवन मिशन ,सार्वजनिक निर्माण विभाग में बिपरजॉय ,अटल पथ , उच्च स्तरीय पुल , बजट घोषण व अन्य कार्या के बारे में , बीसूका के विभिन्न कार्या की , मेडिकल विभाग में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना , आयुष्मान कार्ड वितरण , मौसमी बीमारियां , क्षय उन्मूलन ,मातृ स्वास्थ्य ,टीकाकरण बांगड चिकित्सालय की सभी सुविधाओं ,उपचार , उपलब्धता ,आदि की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

इसी प्रकार जोधपुर विघुत वितरण निगम लिमिटेड में विघुत आपूर्ति , विभिन्न प्रकार के विघुत कनेक्शन की स्थिति , जल संसाधन विभाग में विभिन्न बाधोंं ,स्थिति और जल की वर्तमान स्थिति की , जिला उधोग केन्द्र में मुख्यमंत्री लघु उधोग प्रोत्साहन योजना , राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना ,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में आमजन को योजनाओं के लाभ की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने रसद विभाग में खाध सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र परिवारो जिनमें ग्ारमीण ,शहरी राशन कार्डा उचित मूल्य की दुकानों के बारे में , एनएफएसए के आवेदन , व गिव अप अभियान , कृषि विभाग व उधानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जिनमें में उर्ववरक , फसलों , फार्म पाउंड से कराये आमजन को लाभान्वित कराने की समीक्षा की । इसी प्रकार पशुपालन विभाग में जिले की स्थिति व पशु चिकित्सा ,गौशालाओं ,मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसानों को मृदा संबंधी जांच के लिए लैब में सैंपल लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें अपने खेत की मिट्टी के बारे में अधिक जानकारी होगी और उसके अनुसार फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही अन्य विभागों जिनमे दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि दूध संकलन ,विपणन , राजस्व , समितियों की जानकारी, महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां आदि की जानकारी व सहकारिता विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता , न्यूनतम सर्मथन मूल्य पर खरीद 25.26 की जानकारी , शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं ,मुख्यमंत्री बाल गोपाल दुध योजना निःशुल्क यूनिफार्म योजना ,,लाडो योजना , पीएम श्री विधालय की जानकारी , निःशुल्क साईकिल योजना ,स्कूटी वितरण , टैबलेट वितरण, इसी प्रकार सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की महिला एवं बाल विकास , यूआईटी , नगर निगम ,श्रम विभाग ,वन व पुलिस विभाग के कार्या व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने राजीविका के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजीविका के तहत महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करें और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऋण योजनाओं का बेहतर उपयोग किया जाए।